**उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र,**
**14, सी.एस.पी. सिहं मार्ग, प्रयागराज**
**फोन नं0 0532-2421855**
**e-mail: nczcc@rediffmail.com website: www.nczcc.in**

## निविदा सूचना

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज द्वारा वर्ष पर्यन्त आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों, उत्सवों व अन्य कार्यों हेतु किराये पर वाहनों की आपूर्ति किये जाने हेतु अनुभवी पंजीकृत फर्मों से ऑफलाइन मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र केन्द्र कार्यालय के लेखा अनुभाग से रु. 500/- प्रत्येक नगद अथवा डी.डी. (जो निदेशक, उ.म.क्षे.सां.के., प्रयागराज के पक्ष में देय हो) निविदा शुल्क जमा करने पर दिनांक 01.09.2026 से 07.09.2026 तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के मध्य किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा निविदा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज की वेबसाइट www.nczcc.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा शुल्क रु. 500/- प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा, जो नगद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा किया सकता है। डाउनलोड/क्रय किये हुए निविदा प्रपत्रों के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क की रसीद भी जमा करना आवश्यक होगा। निविदा दिनांक 11.09.2026 को अपरान्ह 2 बजे तक सील बंद लिफाफे में केन्द्र कार्यालय में रखे हुए ड्राप बॉक्स में जमा करना होगा। निविदादाता यह सुनिश्चित करें कि लिफाफे के ऊपर निविदा का नाम/विवरण तथा फर्म का पूरा विवरण मोबाईल नम्बर सहित अंकित किया गया है। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 11.09.2026 को अपरान्ह 3 बजे केन्द्र की समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

| कार्य का विवरण | कार्य की अवधि | निविदा बिक्री की तिथि एवं समय | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| टैक्सी सर्विस हेतु | कार्य आवंटन की तिथि से एक वर्ष तक | दिनांक 01.09.2026 से 07.09.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक | 11.09.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक | 11.09.2026 को अपरान्ह 03 बजे |

निदेशक

निविदादाता के हस्ताक्षर .................................................

# निविदा की शर्तें

1. आपूर्तित वाहन की स्थिति उच्च स्तर की होनी चाहिए और वाहन दो वर्ष से अधिक पुरानी न हों तथा वाहन/गाड़ी का इन्टीरियर साफ–सुथरा एवं सुगन्धित हो।
2. केन्द्र में आपूर्तित वाहन पीली नम्बर प्लेट की हो तथा सफेद नम्बर प्लेट की गाड़ी की आपूर्ति न की जाये।
3. आपूर्तित वाहन का ड्राइवर अच्छी वेशभूषा में तथा सभ्य सुशील होने के साथ ही विनम्र भी हो एवं किसी भी प्रकार का नशा न करता हो।
4. वाहन चालक गाड़ी चलाते समय अनावश्यक मोबाइल का प्रयोग न करें और यदि वाहन चालक की सेवा में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो प्रस्तुत बिल में 25 प्रतिशत की कटौती कर ली जायेगी, जो आपूर्ति दाता को मान्य होगा।
5. आपूर्तित वाहन केवल पेट्रोल और डीजल के माध्यम से चलायमान हो, सीएनजी की गाड़ी की आपूर्ति कतई न की जाये।
6. केन्द्र को आपूर्तित वाहन में आपूर्ति के पूर्व पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हो, जिससे वाहन का प्रयोग करते समय डीजल और पेट्रोल की आवश्यकता न पड़े। केवल अपरिहार्य स्थिति में ही ईंधन भरवाया जाये। फास्टटैग में पर्याप्त मात्रा में धनराशि होनी चाहिए।
7. आपूर्तित वाहन का टायर एवं उसमें हवा पर्याप्त मात्रा में पहले से ही उपलब्ध हो, जिससे गाड़ी प्रयोग करते समय किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उपलब्ध स्टेपनी एवं उसे बदलने में आवश्यक टूल किट अच्छी स्थिति में प्रत्येक दशा में उपलब्ध हो।
8. गाड़ी में लगे एयर कंडीशनर की हालत बेहतर होना आवश्यक है।
9. फर्म को गाड़ी की आपूर्ति दो घंटे की सूचना पर केन्द्र को करनी होगी।
10. बिल के साथ निविदादाता को गाड़ी की आरसी की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
11. वाहनों की आपूर्तित केन्द्र कार्यालय (14 सी.एस.पी. सिंह मार्ग) या निर्देशित स्थान पर करनी होगी।
12. वाहन में किमी की गणना निर्देशित स्थान (प्रारम्भ स्थल) से की जायेगी।
13. वाहनों के परमिट, लाइसेन्स, रोड टैक्स एवं स्टेट टैक्स आदि की व्यवस्था निविदादाता की स्वयं की होगी। केन्द्र इसके लिए कतई जिम्मेदार नहीं होगा।
14. सभी दरें पेट्रोल / डीजल सहित होंगी।
15. जी.एस.टी. नियमानुसार केन्द्र द्वारा देय होगा।
16. टोल टैक्स / पार्किंग की प्रतिपूर्ति मूल बाउचर प्रस्तुत करने पर देय होगा।
17. आयकर कटौती लागू नियमों के अनुसार भुगतान के समय केन्द्र द्वारा की जायेगी।
18. निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता अपनी फर्म का पैन व जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण–पत्र भी संलग्न करें अन्यथा उनकी निविदा अस्वीकार कर दिया जायेगा।
19. आपूर्तिकर्ता को बिल के साथ सत्यापित ड्यूटी संलग्न करना आवश्यक होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर ..............................................

20. निदेशक, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में यह अधिकार निहित होगा कि वह किसी भी निविदा को निरस्त कर दे, इस सम्बन्ध में निदेशक उ.म.क्षे.सां. केन्द्र का निर्णय अन्तिम एवं निविदादाताओं को मान्य होगा।
21. निविदा के साथ धरोहर राशि रूपये 10,000/- (रूपया दस हजार मात्र) नकद/ड्राफ्ट के द्वारा जमा करना अनिवार्य है। इसके बिना निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
22. जिस फर्म को कार्य का आवंटन किया जायेगा। उसके द्वारा कार्य की आवंटन की तिथि से तीन दिनों के भीतर रू0 20000.00 जमानत के रूप में केन्द्र में जमा करने होगी। इस धनराशि में रू0 10000.00 ई0एम0डी0 के रूप में जमा समाहित किया जा सकेगा।
23. उपरोक्त किसी भी बिन्दु पर उल्लिखित शर्तों का उल्लंघन होने की स्थिति में निविदादाता द्वारा प्रस्तुत किये गये बिल के भुगतान पर विचार नहीं किया जायेगा साथ ही, निविदा दाता के द्वारा जमा की गई परफार्मेन्स सिक्योरिटी भी जब्त करने पर विचार किया जायेगा।

मैंने निविदा की सभी शर्तें पढ़ और समझ ली हैं तथा मैं इनके पालन का वचन देता हूँ।

दिनांक:

निविदादाता के हस्ताक्षर
फर्म का नाम व पता

# उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र

14, सी.एस.पी. सिंह मार्ग, प्रयागराज
फोन नं0– 2411855, 2423698, फैक्स 0532–2423720
ई–मेल: nczcc@rediffmail.com, website: nczcc.in


## निविदा प्रपत्र

## प्रयागराज स्थानीय व बाहर हेतु वाहन की दरें

| क्र. सं. | वाहन का नाम | | आउट स्टेशन प्रतिदिन न्यूनतम 200 किमी हेतु प्रति किमी किराया | स्थानीय 100 किमी 12 घण्टे हेतु किराया | स्थानीय 200 किमी 24 घण्टे हेतु किरया | अतिरिक्त प्रति किमी | अतिरिक्त प्रति घण्टे | नाइट हाल्ट चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इंडिगो / डिजायर / एसेन्ट / जेस्ट / सेम सिगमेण्ट | ए.सी. | | | | | | |
| 2. | इनोवा / क्रिस्टा | ए.सी. | | | | | | |
| 3. | टवेरा / जायलो / स्कॉर्पियो / आर्टिगा | ए.सी. | | | | | | |
| 4. | होंडा सिटी / फोर्ड सिगमेण्ट | ए.सी. | | | | | | |
| 5. | टैम्पो ट्रैवेलर (17 सीटर) | | | | | | | |
| 5. | टैम्पो ट्रैवेलर (14 सीटर) | ए.सी. | | | | | | |
| 6. | बस (52 सीटर) | नॉन ए.सी. | | | | | | |
| 7. | बस (35 सीटर) | नॉन ए.सी. | | | | | | |

केन्द्र से स्टेशन / एयरपोर्ट तक या कार्यक्रम स्थल तक आना व जाना

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इंडिगो / डिजायर / एसेन्ट / जेस्ट / सेम सिगमेण्ट | ए.सी. | केन्द्र / कार्यक्रम स्थल से स्टेशन (Pick and drop) | केन्द्र / कार्यक्रम स्थल से एयरपोर्ट (Pick and drop) |
| | | | | |
| 2. | इनोवा / क्रिस्टा | ए.सी. | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर ..........................................